भारत सरकार

गृह मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1997**

दिनांक 17.12.2013/ 26 अग्रहायण, 1935 (शक) को उत्तर के लिए

**विदेशियों का गैर-कानूनी रुप से रहना**

†1997.श्री जयवंत गंगाराम आवले :

श्री चंद्रकांत खैरे :

डॉ० भोला सिंहः

श्री कबीन्द्र पुरकायस्थः

श्रीमती रमा देवीः

श्री गोपीनाथ मुंडेः

श्री लालजी टन्डनः

श्रीमती विजया चक्रवर्तीः

श्री ई.जी. सुगावनमः

श्री अनुराग सिंह ठाकुरः

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में बांग्लादेशी सहित कई गैर-कानूनी आप्रवासियों की संख्या में वृद्धि हुई है;

(ख) यदि हां, तो देश में अधिक समय से अथवा गैर-कानूनी रुप से रह रहे ऐसे आप्रवासियों की राज्य-वार और राष्ट्र-वार संख्या कितनी है;

(ग) गत तीन वर्षों में प्रत्येक वर्ष और चालू वर्ष के दौरान वापस भेजे गए विदेशी नागरिकों की राष्ट्र-वार संख्या कितनी है;

(घ) क्या गैर-कानूनी आप्रवासी विशेषकर बांग्लादेश से आए लोगों को देश में आपराधिक कृत्यों में अंतर्ग्रस्त पाया गया है;

(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त अवधि के दौरान गिरफ्तार और दोषी सिद्ध ऐसे विदेशी नागरिकों की राज्य-वार और राष्ट्र-वार संख्या कितनी है; और

(च) उक्त गैर-कानूनी आप्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किए गए हैं?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुल्लापल्ली रामचन्द्रन)

**(क) से (ग) : बांग्लादेशी नागरिकों सहित अनेक विदेशी नागरिकों को मान्य यात्रा दस्तावेजों पर भारत आने के बाद निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए पाया गया था। वर्ष 2010,**

.....2/-

2011 और 2012 के दौरान निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए पाए गए ऐसे विदेशी नागरिकों के राज्यवार और नागरिकता-वार ब्यौरे तथा इसी अवधि के दौरान वापस भेजे गए विदेशी नागरिकों के नागरिकता-वार ब्यौरे अनुलग्नक-I में दिए गए हैं। वर्तमान वर्ष के आंकड़ों को संकलित नहीं किया गया है। विदेशी नागरिकों के मान्य यात्रा दस्तावेजों के बिना भारत में प्रवेश करने की भी सूचना है। चूंकि ऐसे विदेशी नागरिकों का भारत में प्रवेश गुप्त और लुक-छिपकर है, इसलिए देश के विभिन्न राज्यों में रहने वाले ऐसे गैर-कानूनी आप्रवासियों का सही अनुमान लगाना संभव नहीं है।

(घ) और (ङ.) : देश में गैर-कानूनी रूप से ठहरे हुए ऐसे विदेशी नागरिकों का आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने से इंकार नहीं किया जा सकता। मामले दर्ज करना और उन पर कार्रवाई करना पुलिस स्टेशनों और संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के कार्यक्षेत्र में आता है। वर्ष 2010, 2011 और 2012 के दौरान विदेशी विषयक अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत अथवा आप्रवास नियंत्रण नियमों एवं विनियमों के अन्य प्रावधानों के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों की राज्यवार और नागरिकता-वार संख्या अनुलग्नक-II में दी गई है।

(च) : केन्द्र सरकार को विदेशी विषयक अधिनियम, 1946 की धारा 3(2) (ग) के तहत विदेशी नागरिकों को वापस भेजने का अधिकार दिया गया है। गैर-कानूनी रुप से ठहरे हुए विदेशी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने के ये अधिकार राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को भी दिए गए हैं। ऐसे गैर-कानूनी आप्रवासियों का पता लगाना और उन्हें वापस भेजना एक निरन्तर प्रक्रिया है। नवम्बर, 2009 में गैर-कानूनी बंग्लादेशी आप्रवासियों का पता लगाने और उन्हें वापस भेजने हेतु एक संशोधित प्रक्रिया राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को सूचित की गई थी, जिसे फरवरी, 2011 में आंशिक रुप से संशोधित किया गया था। इस प्रक्रिया में अनाधिकृत रुप से भारत में प्रवेश करते समय सीमा पर पकडे गए गैर-कानूनी आप्रवासियों को उसी समय वापस भेजना शामिल है।

---

**अनुलग्नक-I के पृष्ठ 2 का 1**

**लोक सभा अता० प्र० सं० 1997**

दिनांक 17 दिसम्बर, 2013 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1997 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-I

निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए पाए गए विदेशी नागरिकों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरे

| संघ/राज्य क्षेत्र | दिनांक 31 दिसम्बर के अनुसार निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए पाए गए विदेशी नागरिकों की संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | 2010 | 2011 | 2012 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 3 | 3 | 2 |
| आन्ध्र प्रदेश | 95 | 1867 | 3897 |
| असम | 10 | 9 | 8 |
| बिहार | 1 | 36 | 4 |
| चंडीगढ़ | 12 | 7 | 7 |
| छत्तीसगढ़ | 136 | 109 | 35 |
| दादरा और नगर हवेली | 0 | 1 | 0 |
| दिल्ली | 17203 | 21531 | 25627 |
| गोवा | 0 | 0 | 19 |
| गुजरात | 1249 | 202 | 78 |
| हरियाणा | 377 | 419 | 424 |
| हिमाचल प्रदेश | 5 | 5 | 11 |
| जम्मू और कश्मीर | 35 | 56 | 123 |
| झारखंड | 3 | 3 | 3 |
| कर्नाटक | 4546 | 2475 | 4288 |
| केरल | 330 | 315 | 308 |
| मध्य प्रदेश | 1036 | 2 | 12 |
| महाराष्ट्र | 1060 | 312 | 324 |
| मेघालय | 0 | 0 | 1 |
| ओडिशा | 19 | 117 | 71 |
| पुदुचेरी | 19 | 17 | 73 |
| पंजाब | 433 | 488 | 298 |
| राजस्थान | 4186 | 6328 | 8 |
| तमिलनाडु | 9444 | 12765 | 19740 |
| त्रिपुरा | 1240 | 1284 | 1946 |
| उत्तर प्रदेश | 515 | 16 | 16 |
| उत्तराखंड | 3 | 3 | 3 |
| पश्चिम बंगाल | 27228 | 22665 | 13838 |
| कुल | 69188 | 71035 | 71164 |

अनुलग्नक-I के पृष्ठ 2 का 2

लोक सभा अता० प्र० सं० 1997

## निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए पाए गए विदेशी नागरिकों के नागरिकता-वार ब्यौरे

| देश | दिनांक 31 दिसम्बर के अनुसार निर्धारित अवधि से अधिक समय तक ठहरे हुए पाए गए विदेशी नागरिकों की संख्या | | | वर्ष के दौरान वापस भेजे गए विदेशी नागरिकों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2010 | 2011 | 2012 | 2010 | 2011 | 2012 |
| अफगानिस्तान | 13747 | 13744 | 13999 | 37 | 43 | 60 |
| आस्ट्रेलिया | 212 | 260 | 331 | 01 | 02 | 02 |
| बांग्लादेश | 28667 | 24364 | 16530 | 6290 | 6761 | 6537 |
| कनाडा | 550 | 627 | 835 | 02 | 02 | 05 |
| चीन | 662 | 633 | 674 | 15 | 09 | 26 |
| कांगो | 96 | 314 | 1237 | 02 | 11 | 13 |
| इथोपिया | 77 | 118 | 326 | 02 | 01 | 06 |
| फिजी | 136 | 164 | 174 | 03 | 0 | 01 |
| फ्रांस | 367 | 611 | 1012 | 06 | 02 | 11 |
| जर्मनी | 394 | 647 | 874 | 09 | 06 | 08 |
| इंडोनेशिया | 77 | 124 | 173 | 12 | 03 | 03 |
| ईरान | 248 | 698 | 1097 | 37 | 22 | 34 |
| इराक | 979 | 2038 | 3160 | 0 | 04 | 03 |
| इटली | 107 | 152 | 298 | 04 | 04 | 05 |
| आयवरी कोस्ट | 194 | 179 | 258 | 37 | 15 | 21 |
| जापान | 335 | 602 | 882 | 01 | 03 | 0 |
| केन्या | 318 | 587 | 823 | 07 | 13 | 07 |
| दक्षिण कोरिया | 661 | 990 | 1771 | 12 | 16 | 07 |
| मलेशिया | 321 | 468 | 695 | 04 | 02 | 06 |
| मॉरिशस | 394 | 284 | 461 | 06 | 03 | 0 |
| मंगोलिया | 66 | 123 | 154 | 02 | 02 | 01 |
| म्यांमार | 733 | 1402 | 1684 | 417 | 483 | 226 |
| नीदरलैंड | 123 | 118 | 196 | 10 | 01 | 0 |
| नाइजीरिया | 967 | 1528 | 2235 | 67 | 127 | 219 |
| ओमान | 400 | 690 | 1091 | 0 | 0 | 0 |
| पाकिस्तान | 8319 | 8037 | 1411 | 04 | 69 | 31 |
| फिलीपीन | 153 | 178 | 375 | 04 | 01 | 17 |
| रशिया | 260 | 343 | 594 | 16 | 16 | 09 |
| रवांडज़ | 109 | 105 | 221 | 02 | 0 | 0 |
| सिलचिल | 225 | 330 | 589 | 0 | 0 | 0 |
| सिंगापुर | 195 | 230 | 313 | 04 | 05 | 01 |
| स्पेन | 122 | 135 | 181 | 02 | 0 | 0 |
| श्रीलंका | 1817 | 1956 | 3327 | 75 | 40 | 49 |
| राज्यविहीन-तिब्बत | 251 | 385 | 804 | 0 | 0 | 03 |
| सूडान | 296 | 562 | 1406 | 14 | 16 | 19 |
| स्वीडन | 83 | 103 | 164 | 03 | 0 | 02 |
| तंजानिया | 744 | 1004 | 1428 | 12 | 08 | 04 |
| थाइलैंड | 267 | 273 | 311 | 07 | 07 | 07 |
| यूएसए | 2461 | 2168 | 2465 | 08 | 09 | 04 |
| यूके | 813 | 1094 | 1456 | 02 | 06 | 08 |
| यमन | 122 | 269 | 954 | 12 | 22 | 27 |
| अन्य | 2120 | 2398 | 4195 | 100 | 106 | 121 |
| कुल | 69188 | 71035 | 71164 | 7248 | 7840 | 7503 |

अनुलग्नक-।। के पृष्ठ 2 का 1

लोक सभा अता० प्र० सं० 1997

## दिनांक 17 दिसम्बर, 2013 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1997 के भाग (ड.) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक-।।

विदेशी विषयक अधिनियम के तहत अथवा आप्रवास नियंत्रण नियमों एवं विनियमों के अन्य प्रावधानों के उल्लंघन के लिए गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौर

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों की संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | 2010 | 2011 | 2012 |
| अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह | 04 | 388 | 136 |
| आन्ध्र प्रदेश | 57 | 131 | 82 |
| अरुणाचल प्रदेश | 0 | 05 | 10 |
| असम | 99 | 16 | 41 |
| बिहार | 01 | 03 | 06 |
| चंडीगढ़ | 10 | 01 | 03 |
| छत्तीसगढ़ | 01 | 04 | 08 |
| दिल्ली | 155 | 174 | 140 |
| गोवा | 166 | 117 | 150 |
| गुजरात | 105 | 71 | 191 |
| हरियाणा | 31 | 23 | 24 |
| हिमाचल प्रदेश | 19 | 13 | 37 |
| जम्मू और कश्मीर | 07 | 02 | 12 |
| झारखंड | 0 | 01 | 0 |
| कर्नाटक | 53 | 233 | 182 |
| केरल | 11 | 61 | 123 |
| मध्य प्रदेश | 02 | 02 | 07 |
| महाराष्ट्र | 1514 | 720 | 744 |
| मणिपुर | 25 | 57 | 101 |
| मेघालय | 135 | 179 | 274 |
| मिजोरम | 38 | 322 | 200 |
| नागालैंड | 0 | 01 | 01 |
| ओडिशा | 01 | 40 | 22 |
| पुदुचेरी | 0 | 06 | 12 |
| पंजाब | 35 | 61 | 46 |
| राजस्थान | 132 | 116 | 120 |
| सिक्किम | 0 | 13 | 04 |
| तमिलनाडु | 82 | 624 | 539 |
| त्रिपुरा | 915 | 1667 | 1778 |
| उत्तर प्रदेश | 83 | 05 | 36 |
| उत्तराखंड | 22 | 12 | 07 |
| पश्चिम बंगाल | 1583 | 2277 | 2448 |
| कुल | 5286 | 7345 | 7484 |

अनुलग्नक-।। के पृष्ठ 2 का 2

लोक सभा अता० प्र० सं० 1997

विदेशी विषयक अधिनियम के तहत अथवा आप्रवास नियंत्रण नियमों और विनियमों के अन्य प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों के नागरिकता-वार ब्यौरे

| देश | गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों की संख्या | | |
|---|---|---|---|
| | 2010 | 2011 | 2012 |
| अफगानिस्तान | 24 | 39 | 27 |
| आस्ट्रेलिया | 03 | 02 | 03 |
| बांग्लोदश | 4633 | 4841 | 5449 |
| कनाडा | 03 | 08 | 08 |
| चीन | 06 | 10 | 12 |
| कांगो | 0 | 04 | 17 |
| इथोपिया | 02 | 08 | 01 |
| फ्रांस | 07 | 09 | 09 |
| जर्मनी | 09 | 06 | 03 |
| घाना | 04 | 05 | 11 |
| इंडोनेशिया | 01 | 0 | 07 |
| ईरान | 23 | 44 | 26 |
| इराक | 01 | 06 | 0 |
| इटली | 11 | 08 | 06 |
| आयवरी कोस्ट | 03 | 19 | 18 |
| केन्या | 05 | 15 | 04 |
| दक्षिण कोरिया | 02 | 01 | 05 |
| मलेशिया | 02 | 05 | 08 |
| मालदीव | 0 | 13 | 03 |
| मंगोलिया | 0 | 06 | 04 |
| म्यांमार | 75 | 761 | 423 |
| नेपाल | 58 | 69 | 56 |
| नीदरलैंड | 03 | 01 | 02 |
| नाइजीरिया | 180 | 296 | 431 |
| ओमान | 02 | 02 | 04 |
| पाकिस्तान | 18 | 31 | 44 |
| रशिया | 38 | 22 | 13 |
| सउदी अरब | 04 | 04 | 10 |
| सिंगापुर | 03 | 03 | 03 |
| सोमालिया | 04 | 131 | 02 |
| दक्षिण अफ्रीका | 07 | 12 | 18 |
| श्रीलंका | 55 | 694 | 574 |
| राज्यविहीन-तिब्बत | 07 | 09 | 12 |
| सूडान | 09 | 12 | 15 |
| तंजानिया | 05 | 13 | 12 |
| थाइलैंड | 01 | 04 | 19 |
| यूगांडा | 04 | 13 | 11 |
| यूएसए | 07 | 19 | 32 |
| यूके | 14 | 0 | 58 |
| उजेबिस्तान | 03 | 22 | 25 |
| यमन | 01 | 28 | 10 |
| अन्य | 49 | 150 | 89 |
| कुल | 5286 | 7345 | 7484 |

****